सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

Azadi Ka Amrit Mahotsav | G20

# योग

## प्रमाणीकरण मंडल (वाईसीबी)

### शास्त्रीय योग

योग पेशेवरों /योग संस्थान / केंद्र / कार्मिक
प्रमाणीकरण निकाय



## आयुष मंत्रालय

भारत सरकार द्वारा स्थापित

एक विश्वसनीय संगठन
योग पेशेवरों को चिन्हित और प्रमाणित करना और
विश्वभर में शास्त्रीय योग सिखाने वाले संस्थानों को मान्यता प्रदान करना

वाईसीबी की वेबसाईट के लिए
QR कोड को स्कैन करें

## योग प्रमाणीकरण मंडल (वाईसीबी) के बारे में



योग पेशेवरों के प्रमाणीकरण और योग संस्थानों/केंद्रों की मान्यता के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मार्च, 2018 में योग प्रमाणीकरण मंडल की स्थापना की गई थी।

आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वाईसीबी के अध्यक्ष हैं। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव वाईसीबी के उपाध्यक्ष हैं। वाईसीबी के सचिवालय का नेतृत्व संस्थान प्रमुख द्वारा किया जाता है जो मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक हैं।

## उद्देश्य



योग प्रमाणीकरण मंडल का उद्देश्य योग के अभ्यासों में गुणवत्ता और मानकता लाना तथा शास्त्रीय योग को व्यवसायिक कौशल के रूप में बढ़ावा देना है।

## लक्ष्य



- योग को समग्र स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों के साधन के रूप में बढ़ावा देना।
- भारत और विश्व भर में संचालित योग पाठयक्रमों में एकरूपता लाना।
- योग को एक व्यवसायिक कौशल के रूप में बढ़ावा देना।
- योग को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करना।
- योग पेशेवरों के प्रमाणीकरण और संस्थानों की मान्यता के लिए मानकों और मापदण्डों को विकसित एवं दक्षताओं को आंकलन करना।
- योग पेशेवरों को उच्च स्तर के कौशल और क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना।
- प्रमाणित योग पेशेवरों और योग संस्थानों की सृजित करना।

## दृष्टि



वाईसीबी का दृष्टिकोण विश्व भर में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली जीने हेतु सक्षम बनाना और गुणवत्तापूर्ण योग प्रशिक्षकों तक पहुंच सुनिश्चित करके योग को समग्र जीवन जीने हेतु एक माध्यम के रूप में विकसित करना है।



## ध्येय

योग संस्थानों और योग पेशेवरों के लिए योग प्रशिक्षण के मानकों को परिभाषित करना और समाज को योग शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य में उनकी सहायता करना।

## वाईसीबी क्यों?



- योग की शास्त्रीय परंपरा को बढ़ावा देने वाला विश्वसनीय संगठन।
- शास्त्रीय योग सिखाने वाले योग संस्थानों का प्रत्यायन करना।
- शास्त्रीय योग का ज्ञान रखने वाले योग पेशेवरों को प्रमाणित करना।
- योग को एक संगठित क्षेत्र बनाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना।
- लोगों को उपयुक्त योग प्रशिक्षक/संस्थान/केंद्र का चयन करने में सक्षम बनाना।

## वाईसीबी की मान्यता क्यों?

- योग संस्थानों को उनकी क्षमता और विश्वसनीयता के अनुसार प्रत्यायन देना।
- वाईसीबी के माध्यम से मान्यता प्राप्त संस्थानों की वैश्विक पहचान करना।
- योग संस्थानों के शिक्षण में मानकता लाना।
- योग पेशेवरों के प्रमाणीकरण के प्रबंधन के लिए केंद्रीकृत प्रबंधन प्रणाली विकसित करना।



## प्रत्यायन कौन प्राप्त कर सकता है?

- शास्त्रीय योग सिखाने वाले योग संस्थान/केंद्र।
- संस्थान जो प्रमाणन परीक्षा आयोजित करते हैं।

## वाईसीबी प्रमाणीकरण क्यों?


- विश्व भर में प्रमाणित योग पेशेवरों की पहचान हेतु।
- योग पेशेवरों को उनके ज्ञान और कौशल के अनुसार प्रमाणित करने हेतु।
- विभिन्न प्रकार के प्रमाणन प्राप्त करके व्यावसायिक कौशल बढ़ावा देने हेतु।

## प्रमाणीकरण कौन प्राप्त कर सकता है?

- वाईसीबी मान्यता प्राप्त संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र।
- योग में ज्ञान और कौशल रखने वाले छात्र।

## विभिन्न विशेषताएं

- प्रमाणपत्र में सुरक्षा सुविधाएँ—क्यूआर कोड, अद्वितीय संख्या शामिल हैं।
- योग पेशेवरों का डिजिटल प्रमाणपत्र।
- प्रमाणित योग वृतियों का केंद्रीकृत कोष।
- आवेदन जमा करने और भुगतान/शुल्क के लिए ऑनलाइन मंच/प्लेटफार्म।
- प्रमाणीकरण की प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत आजीवन वैधता के साथ एक बार नामांकन।
- सभी मूल्यांकन एजेंसियों– कार्मिक प्रमाणन निकायों (पीआरसीबी) से मान्यता प्राप्त योग संस्थानों/केंद्रों, परीक्षा कार्यक्रम आदि के लिंकेज और विवरण के साथ केंद्रीकृत मंच।
- परीक्षा केंद्रों और परीक्षा की तारीख के चयन में आसानी।
- परीक्षा के संचालन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा सक्षम परीक्षा प्रक्रिया।
- परीक्षा प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग।
- पैनलबद्ध परीक्षकों के माध्यम से मूल्यांकन।
- परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम द्वारा आयोजित करना।




## योग शिक्षा एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रमाणन

| नाम | प्रमाणपत्र धारक निम्नलिखित भूमिकाओं में कार्य कर सकता है |
|---|---|
| योग अभ्यासक्रम प्रशिक्षक (वाईपीआई) | योग की मूल बातें सिखाने के लिए योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा सामान्य योग अभ्यासक्रम कराना। बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पार्कों, सोसायटी आदि में कक्षाओं के लिए। |
| योग कल्याण प्रशिक्षक (वाई डब्ल्यू आई) | योग प्रशिक्षक स्कूलों, योग स्टूडियो, कार्यस्थल, योगा कल्याण (वेलनेस) केंद्रों/प्राथमिक स्वास्थ कल्याण केंद्र आदि में बीमारी की रोकथाम और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग सिखाएंगे। |
| योग शिक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता (वाई टी–ई) | योग शिक्षण संस्थानों, योग प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेषज्ञ प्रशिक्षक। वह योग पेशेवरों के मूल्यांकनकर्ता और आंकनकर्ता के रूप में भी कार्य कर सकता है। स्टूडियो, संस्थानों, कॉलेजों/विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ा सकते हैं। |
| योग मास्टर (वाई एम) | योग शैक्षिक कार्यक्रमों में विशेषज्ञ शिक्षक/प्रशिक्षक के रूप में कार्य करेंगे और कुशल पेशेवर सभी स्तरों के लिए पढ़ा सकते हैं, मूल्यांकन कर सकते हैं और एक मार्गदर्शक शक्ति होंगे। |
| प्राथमिक/प्राथमिक विद्यालय योग शिक्षक | प्रमाणित योग स्कूल शिक्षक स्कूल के बच्चों में बीमारी की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए योग सिखाएंगे। |
| उच्च माध्यमिक विद्यालय योग शिक्षक | प्रमाणित योग स्कूल शिक्षक स्कूल के बच्चों में बीमारी की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए योग सिखाएंगे। |
| योगासन प्रशिक्षक (कोच) | खेल अकादमी, योग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेषज्ञ प्रशिक्षक। वह योग पेशेवरों के मूल्यांकनकर्ता और आंकलनकर्ता के रूप में भी कार्य कर सकता है। स्टेडियम, स्टूडियो, संस्थानों, कॉलेजों/विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ा सकते हैं। |
| योग स्वयंसेवक (वाई वी) | स्वयं की और समग्र रूप से समाज के कल्याण के संवर्धन के लिए; योग स्वयंसेवकों के लिए समूह कक्षाएं, पार्क में योग कक्षाएं, योग से संबंधित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करने में सहायता करें। फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा बन सकते हैं. कार्यस्थलों पर योगा ब्रेक प्रोटोकॉल का संचालन कर सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| सहायक योग चिकित्सक (ए वाई टी एच) | विशिष्ट विकारों पर प्रमाणित चिकित्सक या प्रमाणित योग चिकित्सक और योग सलाहकार की देखरेख में काम कर सकते हैं। |
| योग चिकित्सक (वाई टी एच) | सभी विकारों पर योग चिकित्सा देने के लिए प्रमाणित चिकित्सक या प्रमाणित योग सलाहकार के साथ काम कर सकते हैं। |
| चिकित्सीय योग सलाहकार (टी एच वाई सी) | चिकित्सा संस्थानों में रोगों के उपचार के लिए योग चिकित्सा प्रदान कर सकते हैं। वह किसी भी चिकित्सीय विभाग में पंजीकृत चिकित्सक/चिकित्सा अभ्यासी होना चाहिए। |


**ध्यातव्यः** विस्तृत जानकारी हेतु वाईसीबी की वेबसाइट देखें – www.yogacertificationboard.nic.in

## योग पेशेवरों के मूल्यांकन और प्रमाणन के लिए शुल्क

| प्रमाणपत्र का नाम | भारतीय के लिए | विदेशी उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क (यूएस $ में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | नामांकन शुल्क | सार्क देश | विकासशील देश | विकसित देश |
| वाई पी आई | 500 | 10 | 25 | 50 |
| वाई डब्ल्यू आई | 1000 | 25 | 50 | 75 |
| वाई टी – ई | 1500 | 35 | 75 | 100 |
| वाई एम | 2500 | 50 | 100 | 150 |
| पी एस एस वाई टी | 500 | 10 | 25 | 50 |
| एच एस एस वाई टी | 1000 | 25 | 50 | 75 |
| ए वाई टी एच | 1500 | 35 | 75 | 100 |
| वाई टी एच | 2000 | 40 | 80 | 100 |
| टी एच वाई सी | 5000 | 100 | 200 | 300 |
| वाई सी | 1500 | 35 | 75 | 100 |
| वाई वी | 100 | 5 | 10 | 10 |

**ध्यातव्यः** उपरोक्त उल्लिखित शुल्क वाईसीबी प्रमाणीकरण के लिए नामांकन के लिए निर्धारित है। छात्र को संस्थान को उनकी शुल्क संरचना के अनुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। नामांकन शुल्क 30 सितंबर 2024 तक वैध है।

## संस्थानों का प्रत्यायन/मान्यता



**कार्मिक प्रमाणीकरण निकाय (पीआरसीबी):**

वाईसीबी उन संगठनों को मंजूरी देता है जो योग प्रमाणीकरण मंडल की ओर से योग वृतियों का मूल्यांकन करने के लिए अधिकृत हैं। वाईसीबी द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाला कोई भी संगठन पीआरसीबी के रूप में काम कर सकता है।

**अग्रणी योग संस्थान**

योग संस्थान जो योग परंपरा की विरासत का अनुसरण करते हुए कम से कम 15 वर्षों से अस्तित्व में है और जिसने कम से कम 10 वर्षों तक योग शिक्षा/प्रशिक्षण/चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान का योगदान दिया है, उसे अग्रणी योग संस्थान कहा जाएगा।

**योग संस्थानः**

वह योग संस्थान जिसने कम से कम 5 वर्षों तक योग शिक्षा/प्रशिक्षण/चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान के भंडार में योगदान दिया है और गुणवत्तापूर्ण योग वृति तैयार किए हैं, उन्हें योग संस्थान कहा जाएगा।

**योग प्रशिक्षण और चिकित्सा केंद्रः**

वह योग संस्थान जो कम से कम 4 वर्षों से अस्तित्व में है और योग और चिकित्सा में प्रशिक्षण दे रहा है और जिसने गुणवत्तापूर्ण योग शिक्षक और चिकित्सक तैयार किए हैं, योग प्रशिक्षण और चिकित्सा केंद्र कहा जाएगा।

**योग प्रशिक्षण केंद्रः**

वह योग केंद्र जो कम से कम 2 वर्षों से योग के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और जिसने गुणवत्तापूर्ण योग वृतियों को तैयार किया है, उसे योग प्रशिक्षण केंद्र कहा जाएगा।

**योग चिकित्सा केंद्रः**

वह योग संस्थान जो कम से कम 4 वर्षों से अस्तित्व में है और योग प्रशिक्षण चिकित्सा प्रदान कर रहा है और जिसने गुणवत्तापूर्ण योग चिकित्सक तैयार किए हैं, उसे योग चिकित्सा केंद्र कहा जाएगा।

**आयुष संस्थानः**

आयुष संस्थानों के पास कम से कम 02 वाईसीबी प्रमाणित योग प्रशिक्षक होने चाहिए और उनके परिसर में प्रति सप्ताह न्यूनतम 02 योग सत्र आयोजित होने चाहिए।

**स्कूल योग केंद्र (12 तक):**

स्कूल में कम से कम 01 प्रमाणित योग प्रशिक्षक होना चाहिए और उस स्कूल में प्रति सप्ताह न्यूनतम 02 योग सत्र आयोजित होने चाहिए।

**कॉलेज योग केंद्रः**

कॉलेज योग केंद्र जो स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं, उनके पास कम से कम 02 वाईसीबी प्रमाणित योग प्रशिक्षक होने चाहिए और उनके कॉलेज में प्रति सप्ताह न्यूनतम 02 योग सत्र आयोजित होने चाहिए।

**विश्वविद्यालय योग केंद्र (यूजीसी से मान्यता प्राप्त):**

विश्वविद्यालय के पास कम से कम 02 वाईसीबी प्रमाणित योग प्रशिक्षक होने चाहिए और उस विश्वविद्यालय में प्रति सप्ताह न्यूनतम 02 योग सत्र आयोजित होने चाहिए।

## योग संस्थानों के लिए प्रत्यायन शुल्क

| क्र. सं. | योग संगठन का प्रकार | राष्ट्रीय (रुपये में) | | | | अंतरराष्ट्रीय ($ में)*** | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नामांकन शुल्क | समीक्षा शुल्क | कुल | वार्षिक नवीनीकरण शुल्क | नामांकन शुल्क | समीक्षा शुल्क | कुल | वार्षिक नवीनीकरण शुल्क |
| 1 | व्यक्तिगत प्रमाणन निकाय* | 25,000 | 50,000 | 75,000 | 25,000 | 1500 | 3000 | 4500 | 1500 |
| 2 | अग्रणी योग संस्थान’ | 50,000 | 50,000 | 1,00,000 | 25,000 | 500 | 1000 | 1500 | 500 |
| 3 | योग संस्थान* | 25,000 | 25,000 | 50,000 | 15,000 | 375 | 750 | 1125 | 250 |
| 4 | योग प्रशिक्षण केंद्र* | 10,000 | 10,000 | 20,000 | 10,000 | 250 | 250 | 500 | 125 |
| 5 | योग चिकित्सा केंद्र* | 10,000 | 10,000 | 20,000 | 10,000 | 250 | 250 | 500 | 125 |
| 6 | योग प्रशिक्षण एवं चिकित्सा केंद्र* | 15,000 | 15,000 | 30,000 | 10,000 | 300 | 300 | 600 | 150 |
| 7 | यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त योग विश्वविद्यालय** | 50,000 | Nil | 50,000 | 25,000 | - | - | - | - |
| 8 | यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त योग विश्वविद्यालय** | 25,000 | Nil | 25,000 | 15,000 | - | - | - | - |
| 9 | आयुष कॉलेज/संस्थान** | 25,000 | Nil | 25,000 | 15,000 | - | - | - | - |
| 10 | स्कूल योग केंद्र** | 1,000 | Nil | 1,000 | 500 | - | - | - | - |
| 11 | कॉलेज योग केंद्र** | 2,000 | Nil | 2,000 | 1,000 | - | - | - | - |
| 12 | विश्वविद्यालय योग केंद्र** | 5,000 | Nil | 5,000 | 2,500 | - | - | - | - |

*नामांकन शुल्क वास्तविक (यात्रा, भोजन आवास और मानदेय सहित)
**कोई ऑनसाइट/ऑनलाइन मूल्यांकन नहीं
***अंतरराष्ट्रीय योग संस्थान के लिए उपरोक्त मान्यता शुल्क 30 सितंबर 2024 तक वैध है

## पर्यवेक्षक, मुख्य परीक्षक और परीक्षक का पैनल बनाना

**वाईसीबी पूरे वर्ष दुनिया भर में विभिन्न स्थानों पर योग पेशेवरों का मूल्यांकन करता है।**

| नाम | पात्रता |
|---|---|
| पर्यवेक्षक (Observer) | • न्यूनतम स्नातकोत्तर और मूल्यांकन/मान्यता/परीक्षा आयोजित करने आदि में कम से कम 10 वर्ष के अनुभव वाला पेशेवर।<br>• मूल्यांकन संस्थान से संबद्ध नहीं होना चाहिए। |
| परीक्षक (Examiner) | • योग या योग से संबंधित विषय में 1 वर्ष के डिप्लोमा के साथ कोई भी स्नातकोत्तर (मास्टर) डिग्री और योग के शिक्षण और प्रशिक्षण में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। ”अथवा”<br>• योग या योग से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर (मास्टर) डिग्री के साथ योग के शिक्षण और प्रशिक्षण में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। |
| प्रमुख परीक्षक (Lead Examiner) | • योग या योग से संबंधित विषय में न्यूनतम 1 वर्ष का डिप्लोमा के साथ कोई भी स्नातक डिग्री और योग के शिक्षण और प्रशिक्षण में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। ”अथवा”<br>• योग या योग से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर (मास्टर) डिग्री के साथ योग के शिक्षण और प्रशिक्षण में कम से कम 3 साल का अनुभव।<br>• सभी परीक्षकों को योग शिक्षक और मूल्यांकनकर्ता प्रमाणित योग पेशेवर होना होगा। |

## आवेदन कैसे करें

### 3 सरल चरण

1 पंजीकरण

2 मूल्यांकन

3 प्रमाणीकरण

**संस्थान की प्रत्यायन/अनुमोदन:** कार्मिक प्रमाणीकरण निकायों (पीआरसीबी) अग्रणी योग संस्थानों, योग संस्थानों, योग प्रशिक्षण केंद्रों, योग चिकित्सा केंद्रों से प्रत्यायन / अनुमोदन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक संस्थान वर्ष भर में किसी भी समय वाईसीबी वेबसाइट पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन जमा करेंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वाईसीबी की वेबसाइट www.yogacertificationboard.nic.in पर जाएं।

**योग वृतियों का प्रमाणीकरण:** इच्छुक योग पेशेवर वाईसीबी द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमोदित पीआरसीबी, अग्रणी योग संस्थानों, योग संस्थानों, योग प्रशिक्षण केंद्रों, योग चिकित्सा केंद्रों द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए वाईसीबी वेबसाइट पर नामांकन कर सकते हैं। वाईसीबी पूरे वर्ष विभिन्न स्थानों पर परीक्षा आयोजित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वाईसीबी की वेबसाइट www.yogacertificationboard.nic.in पर जाएं।

**पर्यवेक्षकों, प्रमुख परीक्षकों और परीक्षकों की समिति (पैनल) बनाना:** वाईसीबी प्रमुख लीड परीक्षकों, परीक्षकों और पर्यवेक्षकों के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए योग्य उम्मीदवारों से एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार पैनल में शामिल होने के लिए अपेक्षित प्रारूप में वाईसीबी को वर्ष भर में किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं।

–: संपर्क करें :–


संस्था प्रमुख

**योग प्रमाणीकरण मंडल**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

विश्व युवक केन्द्र, पं. उमा शंकर दीक्षित मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग, चाण्क्यपुरी, नई दिल्ली–110021

फ़ोन: 011–42765248, ईमेल: mgnt-ycb18@nic.in; ceoycb18-mdniy@nic.in

वेबसाइट: www.yogacertificationboard.nic.in